चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता / 1888
दिनांक : 28-7-2023

सेवा में,

सचिव / प्राचार्य, प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध संस्थान / महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– शैक्षिक सत्र 2023–2025 में विद्यार्थियों के प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

जैसा कि विदित है कि शैक्षिक सत्र 2023–2025 में स्नातक / स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में छात्र / छात्रो के प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने संस्थान / महाविद्यालयों में संचालित पाठयक्रमों एवं उनमें स्वीकृत सीटों के सापेक्ष ही छात्र / छात्राओं का प्रवेश प्राप्त करें।

विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर किसी संस्थान / महाविद्यालय के सम्मुख कोई ऐसा पाठयक्रम प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसमे उसकी सम्बद्धता समाप्त हो चुकी हो, संचालित न हो अथवा पाठयक्रमों में स्वीकृत सीटों में अन्तर आ रहा हो, तो उसकी सूचना से तत्काल विश्वविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

यदि सम्बद्ध संस्थान / महाविद्यालयों द्वारा ऐसे किसी भी पाठयक्रम में विद्यार्थियों के प्रवेश लिये जाते है, जिसमें उक्त संस्थान / महाविद्यालय की सम्बद्धता समाप्त हो चुकी है अथवा पाठयक्रम में स्वीकृत सीट से अधिक सीटों पर प्रवेश लिये जाते है तो विश्वविद्यालय द्वारा उपर्युक्त विद्यार्थी का प्रवेश अमान्य मानते हुए निरस्त कर दिया जाएगा। जिसका समस्त उत्तर दायित्व आपका स्वयं का होगा।

भवदीय,

28-7-2023

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कार्यालय अधीक्षक (सम्बद्धता